# “कोविदार”

## डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या

अगस्त, 2026 | विश्वविद्यालय की ई–मासिक न्यूज पत्रिका | वर्षः 02 | अंकः 02 | पृष्ठः 10



संरक्षक

कर्नल डॉ. बिजेन्द्र सिंह
कुलपति

प्रकाशक
श्री विनय कुमार सिंह
कुलसचिव

संपादक
डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी
जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग

सम्पादकीय मण्डल
डॉ. राज नारायण पाण्डेय
डॉ. अनुराग सिंह
श्री क्षितिज द्विवेदी

संकलन एवं सम्पादन
शगुन जयसवाल शाम्भवी गुप्ता निहारिका सिंह, सृष्टि सोनी, विवेक वर्मा, गरिमा द्विवेदी, मानसी शुक्ला, जिज्ञाशा तिवारी, अभिनव श्रीवास्तव

आप सुधी पाठकों के विचार सादर आमंत्रित
Avadhuniversity@gmail.com


## डिग्री के साथ चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा का संकल्प लें विद्यार्थी: कुलाधिपति आनंदीबेन

## अवध विश्वविद्यालय के 31वें दीक्षांत समारोह में 104 मेधावियों को मिले 120 स्वर्ण पदक

अयोध्या, 12 अगस्त, 2026। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में बुधवार को विश्वविद्यालय का 31वां दीक्षांत समारोह भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह में कुलाधिपति ने 104 मेधावी छात्र–छात्राओं को 120 स्वर्ण पदक प्रदान किए। इनमें छात्राओं ने 86 स्वर्ण पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इसके साथ ही स्नातक एवं परास्नातक की 1,66,055 उपाधियों एवं अंकपत्रों को डिजिलॉकर में समावेशित किया गया।

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कुलाधिपति ने उपाधि एवं पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि संस्कार, नैतिकता, स्वाभिमान और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना भी है। विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने का केंद्र नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, विचारों के परिष्कार की आराधना तथा आध्यात्मिक चेतना की



अवध विश्वविद्यालय के 31वें दीक्षांत समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान करतीं कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल।

और राष्ट्र के भविष्य के निर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि शिक्षा पूरी करने के बाद वे यह विचार करें कि वे कौन–से संस्कार लेकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देंगे।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश गंगा, यमुना और सरस्वती की पावन भूमि है। यह भगवान श्रीराम, शिव और श्रीकृष्ण भूमि है। अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की नगरी है। यहां से शिक्षा प्राप्त कर निकलने वाले विद्यार्थियों का दायित्व है कि वे अपने गौरवशाली अतीत को स्मरण रखते हुए उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने डॉ. राममनोहर लोहिया के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि लोहिया ने आध्यात्मिक एवं धार्मिक चेतना के

## ‘शिक्षा के साथ संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी को जीवन का आधार बनाएं युवा’: राज्यपाल

साथ स्वाभिमान और भारतीय अस्मिता को महत्व दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से भारतीय





अवध विश्वविद्यालय के 31वें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करतीं कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल।

संस्कृति, परंपराओं और विरासत को समझने तथा उसे आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कुलाधिपति ने कहा कि व्यक्ति ईश्वर को माने अथवा न मानेए लेकिन भारतीय समाज की एकता और अखंडता के महत्व से इनकार नहीं कर सकता।

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने महिला शिक्षा एवं सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि 120 स्वर्ण पदकों में 86 पदक छात्राओं को मिलना बदलते भारत की तस्वीर है। उन्होंने कहा कि बेटियां शिक्षा को अधिक अनुशासन और गंभीरता से ग्रहण कर रही हैं। सशक्त नारी ही सशक्त भविष्य का निर्माण कर सकती है। उन्होंने छात्राओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और आत्मनिर्भरता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई।

कुलाधिपति ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश देते हुए कहा कि भारत सरकार के स्टार्टअप इंडिया और स्किल इंडिया जैसे अभियानों का उद्देश्य युवाओं को रोजगार मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाला बनाना है। भारत की युवा शक्ति विकसित भारत के निर्माण की सबसे बड़ी आधारशिला है। उन्होंने युवाओं से अपनी ऊर्जा और प्रतिभा का सकारात्मक दिशा में उपयोग करने का आह्वान किया।

विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अवध विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। विश्वविद्यालय ने एनआईआरएफ इंजीनियरिंग श्रेणी में देश में 138वां तथा उत्तर प्रदेश में 18वां स्थान प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 304 पदक अर्जित किए हैं।

राज्यपाल ने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति से उसका भविष्य छीन लेता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय प्रशासन से छात्रावासों एवं विद्यार्थियों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने, परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने तथा निर्माणाधीन पुस्तकालय भवन का कार्य गुणवत्तापूर्वक पूरा कराने पर जोर दिया।

## चरित्र और संवेदना ही जीवन की वास्तविक पूंजी: संजय श्रीनेत

अयोध्या, 12 अगस्त, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 31वें दीक्षांत समारोह के



**अवध विवि के 31वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज के अध्यक्ष श्री संजय श्रीनेत।**

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज के अध्यक्ष श्री संजय श्रीनेत ने युवाओं से ज्ञान के साथ चरित्र, सफलता के साथ विनम्रता और तकनीकी दक्षता के साथ मानवीय संवेदना को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल उपाधि प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि उत्तरदायित्वपूर्ण जीवन के शुभारंभ का पर्व है। डिग्री योग्यता का प्रमाण हो सकती है, लेकिन चरित्र ही व्यक्ति की विश्वसनीयता और महानता का आधार बनता है।

उन्होंने युवाओं को धैर्य, निरंतर सीखने, विनम्रता, संवेदनशीलता, संबंधों के सम्मान, कठिनाइयों को अवसर में बदलने तथा उद्देश्य के प्रति समर्पण को सफलता का आधार बनाने की सीख दी। उन्होंने कहा कि असफलता अंत नहीं, बल्कि अनुभव का विश्वविद्यालय है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि युवाओं को एआई के साथ मोरल इंटेलिजेंस और नेचुरल इंटेलिजेंस का भी विकास करना होगा। मशीनें सूचना और गणना दे सकती हैं, लेकिन करुणा, विवेक और नैतिक साहस मनुष्य की विशिष्ट शक्ति हैं। उन्होंने युवाओं से वर्ष 2047 के विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## शैक्षणिक, शोध और विकास के क्षेत्र में अवध विश्वविद्यालय ने हासिल की उल्लेखनीय उपलब्धियां: कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह

अयोध्या, 12 अगस्त, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 31वें दीक्षांत समारोह में कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, शोध, खेल, सामाजिक एवं आधारभूत विकास की उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय से पांच जनपदों के 659 महाविद्यालय एवं संस्थान संबद्ध हैं, जिनमें करीब छह लाख विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। वर्तमान सत्र में परिसर में 18 नए पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 में अब तक 21 शोध परियोजनाएं, 20 एमओयू, 187 शोध पत्र, 92 बुक चैप्टर और नौ पेटेंट की उपलब्धि



हासिल हुई है। पर्यावरण संरक्षण के लिए 3200 वर्ग मीटर क्षेत्र में मियांबाकी पद्धति से पौधरोपण किया जा रहा है। खेल क्षेत्र में खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में नौ पदक अर्जित किए। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध, नवाचार और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है।

## शिक्षा को संस्कार, रोजगार और तकनीक से जोड़कर विकसित भारत में दें योगदान: उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय

अयोध्या, 12 अगस्त। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 31वें दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि एवं उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने उपाधि एवं पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता में माता–पिता और गुरुजनों के त्याग, संघर्ष एवं मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल शिक्षांत नहीं, बल्कि अर्जित शिक्षा को समाज और राष्ट्रहित में उपयोग करने का संकल्प लेने का अवसर है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या भारत की सांस्कृतिक चेतना, स्वाभिमान और अस्मिता का प्रतीक है। भगवान श्रीराम की जन्मभूमि से शिक्षा प्राप्त कर निकलना विद्यार्थियों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार, रोजगारपरक कौशल और आधुनिक तकनीक से जोड़ना आवश्यक है। संस्कारविहीन शिक्षा समाज के लिए उपयोगी नहीं हो सकती। प्रधानमंत्री नरेंद्र



**अवध विश्वविद्यालय के 31वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय।**

मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। ज्ञान, कौशल, तकनीक और संस्कार से युक्त युवा ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान दे सकते हैं।

## मोलेला टेराकोटा कला के शिल्पकार भग्गा लाल कुम्हार 'विद्या वाचस्पति' से सम्मानित

अयोध्या, 12 अगस्त, 2026। राजस्थान की प्रसिद्ध मोलेला टेराकोटा कला के कुशल शिल्पकार श्री भग्गा लाल कुम्हार को भारतीय लोककला एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान के लिए अवध विश्वविद्यालय द्वारा मानद उपाधि 'विद्या वाचस्पति' से सम्मानित किया गया। 31वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। श्री भग्गा लाल ने पारंपरिक मोलेला टेराकोटा कला की तकनीकों को संरक्षित करने के साथ उनमें नए प्रयोग कर इसे आधुनिक स्वरूप प्रदान किया है। उनकी कलाकृतियों में राजस्थान की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं की समृद्ध झलक दिखाई देती है। उन्होंने कार्यशालाओं और लाइव प्रदर्शन के माध्यम से विद्यार्थियों एवं युवा कलाकारों को इस कला की बारीकियों से परिचित कराया। कला के क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें राजस्थान सरकार का राज्य पुरस्कार एवं वेस्ट जोन कल्चरल सेंटर का शिल्प सम्मान मिल चुका है। मोलेला टेराकोटा कला को जीआई संरक्षण दिलाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



**अवध विश्वविद्यालय के 31वें दीक्षांत समारोह में राजस्थान के प्रसिद्ध मोलेला टेराकोटा शिल्पकार श्री भग्गा लाल कुम्हार को 'विद्या वाचस्पति' की मानद उपाधि प्रदान करतीं राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल।**

## डिग्री के साथ जिम्मेदारी भी लेकर आगे बढ़ें युवा: रजनी तिवारी

अयोध्या, 12 अगस्त, 2026। अवध विश्वविद्यालय के 31वें दीक्षांत समारोह में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी ने विद्यार्थियों से शिक्षा को समाज और राष्ट्रसेवा से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डिग्री जीवन की यात्रा का अंत नहीं, बल्कि नई शुरुआत है। विद्यार्थियों को ज्ञान, विवेक, संस्कार और जिम्मेदारी को जीवन का हिस्सा बनाकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने स्वर्ण पदक विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता में माता–पिता और शिक्षकों के त्याग एवं मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने युवाओं से शोध, नवाचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ने तथा नशे से दूर रहने की अपील की। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, जल बचत, स्वच्छता और महिला सम्मान को जीवन का संस्कार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को "नशामुक्त युवा–सशक्त उत्तर प्रदेश–विकसित भारत" का संकल्प दिलाया।



डिस्क्लेमर : ई–पत्रिका का प्रकाशन पूरी तरह से शैक्षणिक विकास को समर्पित है, इसका कोई भी व्यावसायिक हित नहीं है। सर्वाधिकार @ डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या

# गोद लिए गांवों के मेधावी विद्यार्थियों को राज्यपाल ने किया सम्मानित

## आंगनबाड़ी केंद्रों को किट और प्राथमिक शिक्षकों को प्रदान कीं पुस्तकें

अयोध्या, 12 अगस्त, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 31वें दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों के विद्यालयों में आयोजित प्रतियोगिताओं के तीनों विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ रचनात्मक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थियों के सव. ांगीण विकास के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ सामाजिक सहभागिता भी आवश्यक है।

विश्वविद्यालय की सामाजिक सहभागिता एवं सामुदायिक विकास की पहल के अंतर्गत राज्यपाल ने 10 आंगनबाड़ी किट का वितरण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा को सुदृढ़ करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बाल्यावस्था में बेहतर पोषण और गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के स्वस्थ एवं समग्र विकास की मजबूत आधारशिला है। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को जनभवन से प्राप्त पुस्तकों का वितरण किया गया। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने प्राथमिक विद्यालय के दो शिक्षकों को पुस्तकें प्रदान कीं। उन्होंने शिक्षकों से पुस्तकों के माध्यम से विद्यार्थियों में अध्ययन एवं ज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षक का निरंतर अध्ययन, ज्ञानवर्धन और नवीन विषयों से परिचित रहना आवश्यक है। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की इन सामाजिक पहलों को शिक्षा को समाज से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण प्रयास बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रो0 नीलम पाठक ने किया। मेधावियों को स्वर्णपदक एवं उपाधियों का वितरण एवं अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव विनय कुमार सिंह द्वारा किया गया।



**अवध विश्वविद्यालय के 31वें दीक्षांत समारोह में गोद लिए गांवों के विद्यालयों के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान करतीं राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल।**

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला श्रीमती मीना सिंह, जिलाधि ाकारी शंशाक त्रिपाठी, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, वित्त अधिकारी पुर्णेन्दु शुक्ल, कार्यपरिषद, विद्यापरिषद सहित विश्वविद्यालय के आचार्य एवं उपाधिधारक मौजूद रहे।

## अवध विश्वविद्यालय की प्रदर्शनियों में दिखी प्रतिभा और नवाचार की झलक विद्यार्थियों की सृजनात्मक उड़ान देख राज्यपाल ने बढ़ाया उत्साह

अयोध्या, 12 अगस्त, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 31वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। उन्होंने प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा विभाग की मिलेट्स रेसिपी प्रदर्शनी में रागी की इडली, बाजरे के लड्डू, सावा की खिचड़ी, मखाना–चिया की खीर, ज्वार की कुट्टी एवं रागी के मोदक सहित विभिन्न व्यंजनों की सराहना की। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से मोटे अनाज को दैनिक आहार में शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने फैशन डिजाइनिंग एवं गारमेंट टेक्नोलॉजी की हैंडीक्राफ्ट, सिविल इंजीनियरिंग की सीताराम सरोवर, ललित कला की ट्रेडिशनल पेंटिंग्स तथा पर्यावरण विभाग की प्रदर्शनी भी देखी। उन्होंने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, नवाचार और उपयोगी उत्पादों की सराहना की। इस अवसर पर कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह सहित शिक्षक, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



**31वें दीक्षांत समारोह में विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का अवलोकन करतीं राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल।**

## शिक्षकों की उपलब्धियों को सम्मान, एचपीवी अभियान के योद्धाओं का भी बढ़ा मान

अयोध्या, 12 अगस्त, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 31वें दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक उपलब्धि यों एवं सामाजिक सरोकारों में उल्लेखनीय योगदान के लिए शिक्षकों और अधिकारियों को सम्मानित किया गया। कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने केएनआईपीएस, सुलतानपुर के डॉ. अवधेश प्रताप सिंह एवं डॉ. दीपक कुमार, के.एस. साकेत पीजी कॉलेज के डॉ. ए.के. राय तथा मुख्य परिसर के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. नवीन पटेल को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। साथ ही एचपीवी टीकाकरण अभियान में उल्ले खनीय योगदान के लिए अयोध्या, बाराबंकी एवं सुलतानपुर के जिलाधिकारियों, मुख्य विकास अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने किशोरियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षित भविष्य के लिए एचपीवी टीकाकरण को महत्वपूर्ण बताते हुए जनजागरूकता अभियान निरंतर चलाने का आह्वान किया। मौके पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला श्रीमती मीना सिंह, जिलाधिकारी शंशाक त्रिपाठी, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।



**31वें दीक्षांत समारोह में शिक्षकों एवं अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करतीं राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल।**

## कुलपति ने राज्यपाल को भेंट कीं विश्वविद्यालय की पुस्तकें



अयोध्या, 12 अगस्त, 2026। 31वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल को विश्वविद्यालय की पुस्तकें एवं प्रकाशन भेंट किए। उन्होंने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, शोध एवं साहित्यिक गतिविधियों से अवगत कराया। कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को अध्ययन, शोध और नवाचार के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया।

# 32 हजार वर्गफीट में तैयार मियावाकी वन का राज्यपाल ने किया उद्घाटन

## नवीन परिसर में विकास कार्यों का राज्यपाल ने लिया जायजा, दिए जरूरी निर्देश

अयोध्या, 10 अगस्त, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में विकास कार्यों को गति देते हुए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने विशेष रूप से तैयार किए गए मियावाकी वन, ईडीपी बेसमेंट तथा 11 केवी विद्युत सब–स्टेशन का औपचारिक उद्घाटन किया। इस दौरान राज्यपाल ने मियावाकी वन में चंदन एवं रुद्राक्ष के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर की दिशा में स्थापित मियावाकी वन 32 हजार वर्गफीट क्षेत्र में विकसित किया गया है। परिसर में भ्रमण के लिए लगभग एक किलोमीटर लंबा घुमावदार मार्ग बनाया गया है। जैव विविधता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यहां 1100 से अधिक विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए हैं। सघन हरित क्षेत्र के रूप में विकसित यह वन विश्वविद्यालय के पर्यावरणीय प्रयासों को मजबूती प्रदान करेगा।



नवीन परिसर में मियावाकी वन का चंदन एवं रुद्राक्ष का पौधा रोपित कर उद्घाटन करतीं राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल, साथ में कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह।

राज्यपाल ने नवीन परिसर में चल रहे विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण संस्थाओं के प्रतिनिधियों से परियोजनाओं की प्रगति और कार्यों की विस्तृत जानकारी ली तथा गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर जोर दिया।

उद्घाटन एवं निरीक्षण कार्यक्रम में कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह, राज्यपाल के ओएसडी अशोक देसाई, नगर आयुक्त, मुख्य विकास अधिकारी, एडीएम प्रशासन, कुलसचिव डॉ. विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, मुख्य नियंता प्रो. एसएस मिश्र, प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. चयन कुमार मिश्र, प्रो. शैलेन्द्र वर्मा सहित विभिन्न संकायाध्यक्ष, शिक्षक एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजी दीक्षांत समारोह की भव्य संध्या

## विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने भी बिखेरी प्रतिभा की छटा

अयोध्या, 12 अगस्त, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 31वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की प्रथम महिला श्रीमती मीना सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने दीक्षांत समारोह की सफलता पर विश्वविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि सांस्कृतिक आयोजन भारतीय जीवन दर्शन, सामूहिकता और उत्साह के प्रतीक हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत बीसीए की छात्रा गौरी की गणेश वंदना से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने काव्य पाठ, योग प्रदर्शन, देशभक्ति गीत, एकल एवं समूह नृत्य तथा लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कृष्ण लीला पर आधारित लोकनृत्य और बीटेक के 'परिंदे बॉयज' एवं 'परिंदे गर्ल्स' के ऊर्जावान समूह नृत्य ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। विद्यार्थियों की गायन प्रस्तुतियों ने भी सांस्कृतिक संध्या में रंग भर दिया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। डॉ. दिनेश सिंह ने भोजपुरी गीत 'जोगिया बैरन' तथा डॉ. अनुराग पाण्डेय ने 'मैं हूं डॉन' प्रस्तुत कर दर्शकों का मनोरंजन किया। समापन अवसर पर कुलपति कर्नल डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने सभी अतिथियों, कलाकारों और विश्वविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने किया। इस दौरान कुलसचिव विनय कुमार सिंह, उप कुलसचिव ए के गौतम, डॉ. रीमा श्रीवास्तव, शाम्भवी एम. शुक्ला, डॉ. दिनेश सिंह, डॉ. मनीष कुमार सिंह, गिरीशचन्द्र पंत सहित शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।




31वें दीक्षांत समारोह की सांस्कृतिक संध्या में मनमोहक प्रस्तुति देते अवध विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राएं।

# राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस पर रंगनाथन को किया याद

अयोध्या, 13 अगस्त, 2026। अवध विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय में डॉ. एसआर. रंगनाथन की जयंती पर राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। प्रभारी पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो. सिद्धार्थ शुक्ला ने कहा कि पुस्तकालय किसी भी शैक्षणिक संस्थान की आत्मा है। उन्होंने डॉ. रंगनाथन के योगदान को रेखांकित करते हुए आधुनिक डिजिटलपुस्तकालयों की उपयोगिता बताई। इस अवसर पर शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# विवि को मिले प्राचीन दुर्लभ पुरावशेष

अयोध्या, 25 अगस्त 2026। अवध विश्वविद्यालय के कोशल संग्रहालय ने ऋण मोचन घाट से प्राचीन पुरावशेष संग्रहित किए। संग्रहालय समन्वयक डॉ. राजेश कुमार सिंह, गैलरी असिस्टेंट डॉ. देशराज उपाध्याय एवं शोध छात्रों के दल ने सर्वेक्षण किया। मौर्यकालीन टेराकोटा हाथी, कुषाणकालीन वृषभ, एनपीबीडब्लू मृदभांड तथा नौवीं शताब्दी की उमा–महेश प्रतिमा मिली। पुरातत्वविद विजय कुमार ने काल निर्धारण की पुष्टि की। कुलपति ने टीम को बधाई देते हुए खोज को अयोध्या के पुरातात्विक इतिहास के लिए महत्वपूर्ण बताया।



# युवाओं की जागरूकता से बनेगा कैंसर मुक्त भारत: कुलपति डॉ. बिजेन्द्र
## एचपीवी टीकाकरण पर विद्यार्थियों की भ्रांतियां दूर, विशेषज्ञों ने किया जागरूक

अयोध्या, 07 अगस्त, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय एवं 'स्त्री फाउंडेशन' के संयुक्त तत्वावधान में प्रबंधन एवं उद्यमिता एमबीए विभाग में 'कैंसर मुक्त भारत 2026–27' अभियान के तहत 'आनंदी माँ–एक जीवन बचाओ' जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने की। अभियान का उद्देश्य युवाओं को ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी), सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम एवं टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा।

कुलपति ने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव में सही जानकारी और समय पर रोकथाम सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने विद्यार्थियों को आह्वान किया कि वे प्राप्त जानकारी को स्वास्थ्य परिवार और समाज तक पहुंचाकर जागरूकता के ब्रांड एंबेसडर बताते हुए जागरूकता आंदोलन का रूप दें।



अवध विवि में कैंसर जागरूकता सेमिनार में विद्यार्थियों को एचपीवी टीकाकरण एवं सर्वाइकल कैंसर से बचाव की जानकारी देते विशेषज्ञ। मौके पर कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह एवं चिकित्सक मौजूद रहे।

स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं अयोध्या की नोडल अधिकारी डॉ. दीपशिखा चौधरी ने शुरुआती जागरूकता, निवारक स्वास्थ्य देखभाल और समय पर टीकाकरण पर जोर दिया। वैक्सीन नोडल विशेषज्ञ डॉ. पी.सी. भारती एवं डॉ. पांडे ने एचपीवी संक्रमण, सर्वाइकल कैंसर से बचाव, टीके की सुरक्षा एवं प्रभावशीलता की जानकारी दी।

सेमिनार में विभिन्न विभागों के 200 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इंटरैक्टिव सत्र में टीकाकरण से जुड़ी भ्रांतियों और गलतफहमियों का समाधान किया गया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक सहित शिक्षक, स्वास्थ्य केंद्र की टीम, चिकित्सकीय विशेषज्ञ एवं स्त्री फाउंडेशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सरयू संरक्षण के लिए विश्वविद्यालय और अंतरराष्ट्रीय संस्थान में एमओयू

अयोध्या, 08 अगस्त, 2026। अवध विश्वविद्यालय एवं इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिवर के बीच सरयू नदी के संरक्षण, पुनर्जीवन एवं सतत प्रबंधन को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ। श्रीराम शोध पीठ में आयोजित कार्यक्रम में कुलसचिव विनय कुमार सिंह एवं वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत विश्वविद्यालय में जल गुणवत्ता, प्रदूषण एवं नदी पारिस्थितिकी के अध्ययन के लिए सरयू रिवर रिसर्च लेबोरेटरी स्थापित की जाएगी। दोनों संस्थान संयुक्त शोध परियोजनाओं, तकनीकी ज्ञान के आदान–प्रदान, प्रशिक्षण एवं विद्यार्थियों के शोध अवसरों को बढ़ावा देंगे। पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. बिस्वजीत राय चौधरी ने जल संसाधनों के सतत प्रबंधन पर व्याख्यान दिया। विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार चौधरी ने इसे सरयू संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। मौके पर शिक्षक और पदाधिकारी मौजूद रहे।



सरयू संरक्षण के लिए कुलसचिव विनय कुमार सिंह के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर करते प्रतिनिधि।

## दंत परीक्षण शिविर में 58 बच्चों की जांच



अयोध्या, 21 अगस्त, 2026। अवध विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग एवं नेशनल एसोसिएशन ऑफ प्रोफेशनल सोशल वर्कर्स इन इंडिया, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में सातवें समाज कार्य सप्ताह के तहत प्राथमिक विद्यालय उसरु अमौना में निःशुल्क दंत परीक्षण एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 58 बच्चों एवं सात शिक्षकों का दंत परीक्षण किया गया। बच्चों को टूथपेस्ट एवं टूथब्रश वितरित किए गए। चिकित्सकों ने दिन में दो बार ब्रश करने और संतुलित खान–पान की सलाह दी। समन्वयक डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने स्वच्छता की आदतें अपनाने पर जोर दिया। प्रधानाध्यापिका डॉ. मीनाक्षी यादव ने विद्यार्थियों को नियमित दंत स्वच्छता की शपथ दिलाई।

## दीक्षांत समारोह के बाद समीक्षा, बिल निस्तारण और सुरक्षा पर जोर

अयोध्या, 20 अगस्त, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में 31वें दीक्षांत समारोह के सफल आयोजन के बाद कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने आयोजन से जुड़ी समितियों के कार्यों की सराहना करते हुए सभी बिलों को तत्काल वित्त विभाग में प्रस्तुत कर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। परिसर में रखे पौधों का निर्धारित स्थलों पर शीघ्र रोपण कराने तथा आईटी परिसर की सुरक्षा के लिए उच्च क्षमता के सीसीटीवी कैमरे तत्काल स्थापित करने को कहा। कुलपति ने कहा



31वें दीक्षांत समारोह की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह। साथ में कुलसचिव विनय कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी।

कि विश्वविद्यालय को हरित, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाना प्राथमिकता है। बैठक में कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, प्रो. एसएस मिश्र, प्रो. चयन कुमार मिश्र, प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. शैलेन्द्र वर्मा, प्रो. तुहिना वर्मा, प्रो. गंगा राम मिश्र, समितियों के संयोजक एवं सह–संयोजक सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

## इसरो वैज्ञानिक ने छात्रों से किया अंतरिक्ष विज्ञान पर संवाद



अयोध्या, 22 अगस्त, 2026 अवध विश्वविद्यालय में इसरो की थीम 'टचिंग लाइव व्हाइल टचिंग द मूनदृइंडिया स्पेस सागा' पर विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह के निर्देशन में हुए कार्यक्रम में इंजीनियरिंग विद्यार्थियों ने भारत की अंतरिक्ष यात्रा, चंद्रयान मिशन और वैज्ञानिक उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की। इसरो वैज्ञानिक एवं नमस्कार फाउंडेशन के मेंटर अभिषेक सिंह ने विद्यार्थियों से संवाद कर अंतरिक्ष विज्ञान में अवसरों और तकनीकी चुनौतियों पर चर्चा की। आईईटी निदेशक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने इसे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी बताया। छात्रों ने वैज्ञानिक से सवाल पूछकर जिज्ञासाओं का समाधान पाया।

# सांस्कृतिक प्रतिभाओं ने बिखेरी प्रतिभा, विजेताओं को मिला सम्मान

## कला–संगीत से विद्यार्थियों में निखरती है नेतृत्व क्षमताः कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह

अयोध्या, 08 अगस्त, 2026। अवध विश्वविद्यालय के 31वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित विविध सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को कौटिल्य प्रशासनिक भवन सभागार में कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर चित्रकला, देशभक्ति गीत, एकल गायन, समूह गायन, वाद्य यंत्र एवं नाट्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

वाद्य यंत्र प्रतियोगिता में दुर्गेश सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि एकल गायन में अन्नपूर्णा प्रथम रहीं। समूह गायन में स्वाती मौर्य एवं अंजली यादव की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका डॉ. दिनेश कुमार सिंह, पाठक, डॉ. शांभवी शुक्ला, प्रवीण मिश्रा एवं



**31वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र प्रदान करते कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह।**

डॉ. वंदिता पांडेय, डॉ. महेंद्र पाल सिंह एवं डॉ. कविता पाठक ने निभाई। कार्यक्रम का आयोजन प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. नीलम निहारिका श्रीवास्तव की देखरेख में हुआ।

कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि सांस्कृतिक एवं कलात्मक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की रीढ़ हैं। कला, संगीत और रंगमंच विद्यार्थियों में अनुशासन, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन सराहनीय है। विश्वविद्यालय प्रशासन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए हर संभव मंच एवं अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक, डॉ. दिनेश कुमार सिंह, डॉ. शांभवी शुक्ला सहित अन्य मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य जागरूकता से छात्राओं को मिलेगा सुरक्षित और सशक्त भविष्यः कुलपति

## माँ–बेटी सम्मेलन में स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण और पोषण पर जागरूकता

अयोध्या, 06 अगस्त, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र द्वारा जिला चिकित्सालय एवं 'स्त्री फाउंडेशन' के सहयोग से 'माँ–बेटी सम्मेलन' आयोजित किया गया। कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच, पोषण और समयबद्ध टीकाकरण स्वस्थ समाज की मजबूत आधारशिला हैं। ऐसी पहल छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ उन्हें सुरक्षित एवं सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

सम्मेलन के दौरान स्वास्थ्य एवं पोषण शिविर में छात्राओं एवं बेटियों की शारीरिक तथा रक्त संबंधी जांच की गई। उन्हें एनीमिया, पोषण एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों का मौके पर डिजिटल हेल्थ आईडी के लिए पंजीकरण भी किया गया। जिला चिकित्सालय के सहयोग से कर्मचारियों एवं छात्राओं की हेपेटाइटिस की निःशुल्क एवं गोपनीय जांच की गई। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14 से 15 वर्ष की पात्र बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाने की प्रक्रिया भी कराई गई।

'आनंदी–माँ टीकाकरण' अभियान के तहत 'स्त्री फाउंडेशन' के सहयोग से समयबद्ध टीकाकरण एवं पारिवारिक स्वास्थ्य पर चर्चा की गई। डॉ. गीतिका श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'जांच से जागरूकता और जागरूकता से बचाव' रहा।



**अविवि में 'माँ–बेटी सम्मेलन' के दौरान छात्राओं एवं बेटियों की स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह अधिकारी, चिकित्सक एवं स्त्री फाउंडेशन के प्रतिनिधि।**

उन्होंने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच एवं समय पर टीकाकरण से गंभीर बीमारियों की रोकथाम संभव है। कार्यक्रम में प्रो. नीलम पाठक, प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, डॉ. महिमा चौरसिया, विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र की टीम, वायरोलॉजी टीम तथा स्त्री फाउंडेशन के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# अवध विश्वविद्यालय में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, गूंजे भारत माता के जयकारे

अयोध्या, 14 अगस्त 2026। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' एवं 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय परिसर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। मुख्य प्रशासनिक भवन से शुरू




हुई यात्रा विभिन्न संकायों एवं मार्गों से होते हुए वहीं संपन्न हुई। प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को मजबूत करती है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने कहा कि यह स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीर जवानों को नमन करने का माध्यम है। यात्रा में शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं शामिल रहे।

# आध्यात्मिक आयोजनों से विद्यार्थियों में बढ़ती है एकाग्रता: कुलपति डॉ. बिजेन्द्र

## आचार्य नरेंद्र देव महिला छात्रावास में सुख–समृद्धि की कामना के साथ श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ रुद्राभिषेक

अयोध्या, 19 अगस्त, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आचार्य नरेंद्र देव महिला छात्रावास में छात्राओं द्वारा सुख, शांति, उत्तम स्वास्थ्य एवं समृद्धि की कामना को लेकर श्रद्धापूर्वक रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने भगवान शिव की विधिवत पूजा–अर्चना से किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का जल, दूध, दही, शहद, गंगाजल सहित विभिन्न पूजन सामग्रियों से अभिषेक किया गया। भजनों एवं वैदिक ऋचाओं के पाठ से छात्रावास परिसर भक्तिमय हो उठा।

रुद्राभिषेक के उपरांत छात्राओं को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक



आचार्य नरेंद्र देव महिला छात्रावास में रुद्राभिषेक के दौरान भगवान शिव की पूजा–अर्चना करते कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह एवं उपस्थित छात्राएं।

परंपराएं विद्यार्थियों में सकारात्मक दृष्टिकोण, मानसिक शांति एवं एकाग्रता का संचार करती हैं। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन छात्रावास में सौहार्द और सकारात्मक वातावरण के निर्माण में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव के आशीर्वाद से छात्राएं शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत जीवन में सफलता के नए आयाम स्थापित करें तथा राष्ट्र निर्माण में अपना उत्कृष्ट योगदान दें। पूजन के बाद शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं ने विश्वविद्यालय परिवार की निरंतर प्रगति, सुख–शांति एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की सामूहिक प्रार्थना की। कार्यक्रम के समापन पर सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक, डॉ. विनोद चौधरी, डॉ. नीलम यादव, वार्डन डॉ. महिमा चौरसिया, डॉ. नीलम सिंह, डॉ. प्रतिभा, साधना पाठक, निर्मला मिश्रा सहित बड़ी संख्या में छात्राएं एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# राष्ट्र निर्माण में निरंतर योगदान देना हमारा परम कर्तव्य: कुलपति

## स्वतंत्रता दिवस पर अवध विश्वविद्यालय में गूंजा देशभक्ति का संदेश, विकास कार्यों की हुई घोषणा

अयोध्या, 15 अगस्त, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस उल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कुलपति कर्नल डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने प्रशासनिक भवन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी। इसके बाद उन्होंने डॉ. राममनोहर लोहिया, सरदार वल्लभभाई पटेल, महात्मा गांधी एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र निर्माताओं को नमन किया।

नवीन परिसर स्थित तुलसी भवन के समक्ष आयोजित मुख्य समारोह में कुलपति ने कहा कि स्वतंत्रता हमारे पूर्वजों के त्याग और बलिदान से मिली है। भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद एवं राम प्रसाद बिस्मिल जैसे अमर सपूतों ने मातृभूमि के लिए सर्वस्व न्योछावर किया। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में 3000 परीक्षार्थियों की क्षमता वाले परीक्षा भवन तथा छात्रावास निर्माण शुरू कराने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि क्षय रोगियों को नियमित पोषण पोटली वितरित की जा रही है तथा परिसर को क्लीन एवं ग्रीन बनाने के लिए सघन वृक्षारोपण और मियावाकी वन विकसित किया जा रहा है। कुलपति ने उपस्थित जनसमूह को नशामुक्त समाज एवं स्वच्छ भारत के निर्माण की सामूहिक शपथ दिलाई। समारोह में कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल सहित विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।



# छात्र जीवन में अनुशासन से निखरती हैं प्रतिभाएं

अयोध्या, 17 अगस्त, 2026। अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास तथा ललित कला विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'छात्र जीवन में अनुशासन का महत्व' विषयक संगोष्ठी आयोजित हुई। मुख्य अतिथि डॉ. बी. आर. आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा की कुलपति प्रो. आशू रानी ने कहा कि अनुशासन और सही दिशा से युवाओं की शैक्षिक क्षमताओं को उत्कृष्ट बनाया जा सकता है। उन्होंने स्थानीय कला को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने पर जोर दिया। प्रो. मृदुला मिश्रा ने सृजनशीलता, डॉ. सरिता द्विवेदी ने आत्मसम्मान तथा प्रो. आशुतोष सिन्हा ने छात्रों की निष्ठा पर विचार रखे। कार्यक्रम में प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# सतत पर्यटन प्रबंधन पर छह दिवसीय कार्यशाला शुरू

अयोध्या, 17 अगस्त, 2026। व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में पीएम ऊषा के तहत 'सतत पर्यटन प्रबंधन' विषयक छह दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि प्रो. सुनील कुमार काबिया ने भारतीय ज्ञान परंपरा और सतत पर्यटन के समन्वय पर जोर दिया। आईक्यूएसी निदेशक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने अयोध्या की पर्यटन संभावनाओं पर विचार रखे। विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा ने पर्यटन को रोजगार एवं अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार बताया। कार्यशाला का संयोजन डॉ. महेंद्र पाल सिंह ने किया। डॉ. अंशुमान पाठक ने आभार व्यक्त किया।



## अवध विश्वविद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में रोपे 35 पौधे

## जैव विविधता संरक्षण का समृद्ध केंद्र बनेगा अवध विवि परिसर: कुलपति

अयोध्या, 01 अगस्त, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में 31वें दीक्षांत समारोह के तहत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में लीला हरि फाउंडेशन के सहयोग से 'कलार्थ जीवंत वाटिका' में 35 पौधे रोपे गए। अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता के संरक्षण का आधार हैं। उन्होंने नवीन परिसर में 32 हजार वर्गफीट में विकसित हो रहे मियावाकी वन में 1100 से अधिक पौधे लगाए जाने की जानकारी दी। मुख्य अतिथि राजलक्ष्मी त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि एआरटीओ डॉ. आर.पी. सिंह ने भी पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रो. आशुतोष सिन्हा, प्रो. तुहिना वर्मा, डॉ. शिवि श्रीवास्तव, प्रो. प्रिया कुमारी, अभिषेक श्रीवास्तव, डॉ. अलका श्रीवास्तव एवं निहारिका श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। संचालन डॉ. सरिता द्विवेदी ने किया।



**'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 'कलार्थ जीवंत वाटिका' में पौधरोपण करते कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह एवं उपस्थित अतिथि।**

## अनुशासन और सकारात्मक सोच से विद्यार्थी गढ़ें अपना उज्ज्वल भविष्य: कुलपति

अयोध्या, 03 अगस्त, 2026। अवध विश्वविद्यालय के 31वें दीक्षोत्सव के तहत न्यू आईईटी परिसर स्थित तुलसी भवन स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, एकाग्रता, मानसिक दृढ़ता एवं टीम भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि 'कुलपति ब्रिगेड' एवं 'कुलसचिव ब्रिगेड' की प्रतियोगिताएं विश्वविद्यालय परिवार के सौहार्द को दर्शाती हैं। छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए टेबल टेनिस, शूटिंग, बैडमिंटन, रस्सा–कसी एवं म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिताएं हुईं। विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों और आवासीय परिसर की टीमों ने प्रतिभाग किया। आयोजन में प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. फर्रुख जमाल, प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा, प्रो. आशीष प्रताप सिंह, डॉ. कपिल कुमार राणा, डॉ. त्रिलोकी यादव, डॉ. अर्जुन सिंह, डॉ. अनुराग पांडेय एवं डॉ. कुमार मंगलम सिंह की सक्रिय भूमिका रही।



## वॉलीबॉल में महिला वर्ग में देव इंद्रावती कॉलेज और पुरुष वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग

अयोध्या, 07 अगस्त, 2026। 31वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय दीक्षोत्सव खेल प्रतियोगिता–2026 के अंतिम दिन खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।



महिला वॉलीबॉल में देव इंद्रावती कटेहरी पीजी कॉलेज विजेता और साकेत पीजी कॉलेज उप. विजेता रहा। पुरुष वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग विजेता तथा बाबा विश्वनाथ पीजी कॉलेज, बीकापुर उपविजेता रहा। वन–लेग रेस में अंकित यादव व अर्पिता विजेता रहे। बैग रेस में सुमित व शालिनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रो. हिमांशु शेखर सिंह एवं प्रो. शैलेन्द्र वर्मा ने किया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित करना रहा। इस अवसर पर प्रो. आशीष प्रताप सिंह, डॉ. अर्जुन सिंह, डॉ. त्रिलोकी यादव, डॉ. संघर्ष सिंह, डॉ. देवेन्द्र वर्मा, डॉ. मोहनी पाण्डेय, डॉ. स्वाति उपाध्याय, आकाश सिंह, श्री अरविन्द यादव सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, आयोजन समिति के सदस्य एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## बौद्धिक संपदा अधिकारों से शोध को मिलेगी नई दिशा: कुलपति डॉ. बिजेन्द्र

## पेटेंट के जरिए शोध को सामाजिक–आर्थिक उपयोग से जोड़ना जरूरी

अयोध्या, 06 अगस्त, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह सप्ताह के अंतर्गत सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा श्रीराम शोधपीठ में 'बौद्धिक संपदा अधिकार (पेटेंट) एवं नवाचार' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में शोध एवं नवाचार को बौद्धिक संपदा अधिकारों के माध्यम से संरक्षित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मौलिक शोध को सामाजिक एवं आर्थिक उपयोग से जोड़कर पेटेंट कराने की दिशा में युवाओं को आगे बढ़ना चाहिए। मुख्य वक्ता प्रो. हरिकेश बहादुर सिंह ने पेटेंट की आवश्यकता, आवेदन प्रक्रिया, पेटेंट योग्य नवाचारों की पहचान तथा उनके औद्योगिक एवं सामाजिक व्यावसायीकरण की जानकारी दी। विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. एस.एस. मिश्रा ने बौद्धिक संपदा को अकादमिक विकास का महत्वपूर्ण आधार बताया। विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार चौधरी ने पेटेंट फाइलिंग की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।




**श्रीराम शोधपीठ में 'बौद्धिक संपदा अधिकार (पेटेंट) एवं नवाचार' विषयक विशेष व्याख्यान के दौरान कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह, मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) हरिकेश बहादुर सिंह, विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार चौधरी एवं उपस्थित शिक्षक–शोधार्थी।**

# प्रधानमंत्री ने 'नशामुक्त युवा, विकसित भारत' अभियान का किया शुभारंभ

# नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव: कुलपति डॉ. बिजेन्द्र

अयोध्या, 02 अगस्त, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में 'नशामुक्त युवा, विकसित भारत' अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम का लाइव प्रसारण हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर अभियान को जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं के हाथों में पुस्तक और लैपटॉप होने चाहिए, नशे की आदतें नहीं। देशभर में 28 हजार से अधिक स्थानों से एक करोड़ से ज्यादा युवा अभियान से जुड़े।

कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नशे के लिए कोई स्थान नहीं रहा है। युवा शक्ति राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है। युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार एवं नैतिक मूल्यों के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के 1500 से अधिक विद्यार्थी माय भारत पर पंजीकृत हो चुके हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अभियान को गांव–गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर डी. फार्मा के विद्यार्थियों ने 'नशामुक्त भारत–गांव–गांव तक हमारा संकल्प' विषयक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कुलपति ने उपस्थित जनसमूह को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। संचालन डॉ. मनीषा यादव तथा धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक प्रो. आशुतोष सिंह ने किया।



स्वामी विवेकानंद सभागार में 'नशामुक्त युवा, विकसित भारत' अभियान के लाइव प्रसारण के दौरान कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह, कुलसचिव विनय कुमार सिंह एवं उपस्थित शिक्षक, अधिकारी व विद्यार्थी।

कार्यक्रम में कुलसचिव विनय कुमार सिंह, प्रो. एस.एस. मिश्रा, प्रो. दानपति त्रिपाठी, प्रो. मंजूषा मिश्रा, प्रो. आशुतोष सिन्हा, प्रो. सी.के. मिश्रा, प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा, प्रो. अनूप कुमार, प्रो. फररुख जमाल, प्रो . एस.के. रायजादा, डॉ. विनोद चौधरी, डॉ. रीमा श्रीवास्तव, डॉ. अवध नारायण, प्रो. सुरेन्द्र मिश्रा, डॉ. राजेश कुमार सिंह एवं डॉ. अनिल कुमार यादव सहित शिक्षक, अधिकारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## दीक्षांत समारोह की तैयारियों की कुलपति ने की समीक्षा

अयोध्या, 03 अगस्त, 2026। अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन सभागार में 31वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। कुलपति ने सभी समितियों के संयोजकों से तैयारियों की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में वार्षिक पत्रिका के प्रकाशन, मां–बेटी सम्मेलन, दीक्षांत मंच, कार्यक्रम स्थल, पर्यावरण संरक्षण प्रदर्शनी, साफ–सफाई, उपाधि वितरण, मंच संचालन, अतिथियों के स्वागत एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। कुलपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय का गरिमामय एवं ऐतिहासिक अवसर है। सभी कार्य समयबद्धता और निष्ठा के साथ पूर्ण किए जाएं। बैठक में कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल सहित शिक्षक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



## एनसीसी में नए कैडेट्स का चयन, कुलपति ने दिखाई हरी झंडी

अयोध्या, 07 अगस्त, 2026। अवध विश्वविद्यालय की 10\65 यू.पी. कंपनी एनसीसी में नवीन सत्र की एनरोलमेंट प्रक्रिया सम्पन्न हुई। नशा मुक्ति पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंनेकहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, देशभक्ति एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करती है। 65 यूपी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव सूद ने कहा कि एनसीसी राष्ट्र एवं समाज सेवा का माध्यम है। चयन प्रक्रिया में शारीरिक परीक्षण, दौड़, माप एवं लिखित परीक्षा हुई। इस अवसर पर सूबेदार मेजर बहादुर सिंह सहित एनसीसी अधिकारी, कैडेट्स उपस्थित रहे।



## दीक्षोत्सव खेल प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को कुलपति ने किया सम्मानित

अयोध्या, 08 अगस्त, 2026। अवध विश्वविद्यालय की पांच दिवसीय 'दीक्षोत्सव खेल प्रतियोगिता–2026' का समापन हुआ। कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने विजेताओं को मेडल व पुरस्कार दिए। वन–लेग रेस में आलोक व काजल, डिस्कस थ्रो में अभिजीत सिंह व ज्योति, स्लो साइकिल रेस में अरविन्द यादव तथा बैग रेस में सुमित व शालिनी प्रथम रहे। गिल्ली–डंडा में रजनीश सिंह की टीम विजेता रही। वॉलीबॉल महिला वर्ग में देव इंद्रावती कटेहरी पीजी कॉलेज और पुरुष वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग विजेता रहा। प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने आभार व्यक्त किया। संचालन डॉ. अर्जुन सिंह ने किया। प्रतियोगिता प्रभारी डॉ. कपिल सिंह राणा एवं डॉ. कुमार मंगलम सिंह ने आयोजन के उद्देश्य बताए। इस अवसर पर शिक्षक, अधिकारी, कोच एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे।



## दीक्षांत समारोह को लेकर कुलपति ने किया निरीक्षण

अयोध्या, 09 अगस्त, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में 12 अगस्त को होने वाले 31वें दीक्षांत समारोह का भव्य पूर्वाभ्यास कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुआ। शोभायात्रा, मंच संचालन, उपाधि एवं पदक वितरण, बैठने, सुरक्षा और राष्ट्रगान तक की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। कुलपति ने समारोह को गरिमापूर्ण एवं त्रुटिहीन बनाने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों ने वन्देमातरम् एवं कुलगीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल सहित विद्या परिषद, कार्य परिषद के सदस्य, शिक्षक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

"कोविदार"

अगस्त, 2026 ।। आषाढ़–श्रावण ।। विक्रम संवत् 2083



## कैंपस बुलेटिन

- अयोध्या, 04 अगस्त 2026। दीक्षोत्सव खेल सप्ताह–2026 के दूसरे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में 250 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।
- अयोध्या, 05 अगस्त 2026। दीक्षोत्सव खेल सप्ताह–2026 के तीसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में लगभग 400 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।
- अयोध्या, 11 अगस्त 2026। 31वें दीक्षांत समारोह की पूर्व संध्या पर रिहर्सल हुई, 114 मेधावी विद्यार्थियों को 120 पदक मिलेंगे।
- अयोध्या, 19 अगस्त 2026। सतत पर्यटन प्रबंधन कार्यशाला में स्थिरता, वैश्विक प्रवृत्तियों और वित्तीय प्रबंधन पर तकनीकी सत्र आयोजित हुए।
- अयोध्या, 19 अगस्त 2026। इंजीनियरिंग संस्थान में एआई, क्लाउड, डेवऑप्स एवं साइबर सुरक्षा पर विशेष कार्यशाला आयोजित हुई।
- अयोध्या, 20 अगस्त 2026। सतत पर्यटन कार्यशाला में पर्यटन विकास, कानूनी ढांचे, अवसंरचना और पर्यावरण–अनुकूल नीतियों पर विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए।
- अयोध्या, 21 अगस्त 2026। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कर्मचारियों की समीक्षा बैठक में समयबद्ध कार्य, छात्रहित और प्रशासनिक सुधारों पर निर्देश दिए।
- अयोध्या, 22 अगस्त 2026। अवध विश्वविद्यालय में शिक्षकों की भर्ती के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 20 सितंबर 2026 कर दी गई है।

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालयों की विकास परियोजनाओं की समीक्षा की

## राज्य विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था और छात्र सुविधाओं पर जोर

अयोध्या, 14 अगस्त, 2026। अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक प्रशासनिक भवन सभागार में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में हाइब्रिड मोड के माध्यम से प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में शैक्षणिक सत्र के नियमन, छात्रावासों में मूलभूत सुविधाओं, बैक पेपर परीक्षाओं में सुधार तथा सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों की फीस प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने पर चर्चा हुई। छात्रावासों, विशेषकर छात्रा मैस में सुविधाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। कक्षाओं में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति और पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया गया। राज्य विश्वविद्यालयों में संचालित विकास एवं निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक में अवध विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह, कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, प्रो. एस.एस. मिश्र, प्रो. नीलम पाठक, प्रो. मृदुला मिश्रा, प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा, अन्य उपस्थित रहे।



राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह एवं विश्वविद्यालय के अधिकारी व शिक्षक।

## योग और खेल स्वस्थ जीवनशैली का आधारः कुलपति

अयोध्या, 28 अगस्त, 2026। अवध विश्वविद्यालय के नवीन परिसर स्थित शारीरिक शिक्षा, खेल एवं यौगिक विज्ञान संस्थान में 'एक घंटा खेल मैदान में' अभियान के तहत विशेष योग सत्र आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि योग और खेल स्वस्थ जीवनशैली एवं मानसिक संतुलन का आधार हैं। नियमित योग से एकाग्रता, आंतरिक शांति और तनावमुक्ति मिलती है, जबकि खेल अनुशासन, नेतृत्व एवं टीम भावना विकसित करते हैं। संस्थान निदेशक प्रो. एस.एस. मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित सत्र में गायत्री वर्मा ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। वक्रासन, पश्चिमोत्तानासन, भुजंगासन, शलभासन, कपालभाति एवं भ्रामरी प्राणायाम कराया गया। सूर्यध्यान एवं शांतिपाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्जुन सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रो. नीलम पाठक, प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा, प्रो. सुरेन्द्र मिश्र, प्रो. जी.आर. मिश्र सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## नशा मुक्ति को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक

अयोध्या, 08 अगस्त, 2026। अवध विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र ने गोद लिए माधवपुर मसौधा गांव में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। प्रो. तुहिना वर्मा ने कहा कि तंबाकू और मोबाइल सहित हर प्रकार की लत हानिकारक है। विधि संकायाध्यक्ष प्रो. अजय सिंह ने महिलाओं से अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने तथा नशे से होने वाली घरेलू हिंसा एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। संचालन व धन्यवाद डॉ. स्नेहा पटेल ने किया। ग्राम प्रधान ऋषिकेश वर्मा सहित शिक्षक और ग्रामवासी मौजूद रहे।



## अवध विश्वविद्यालय में अमर उजाला का प्लेसमेंट ड्राइव, पत्रकारिता विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

अयोध्या, 30 अगस्त, 2026। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में 'अमर उजाला' की ओर से प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित हुआ। प्रथम चरण की लिखित परीक्षा में बी.वॉक. एवं एमए जनसंचार एवं पत्रकारिता के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विभाग के समन्वयक प्रो. अनूप कुमार ने कहा कि यह विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मीडिया मंच पर प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर है। अमर उजाला अयोध्या ब्यूरो चीफ हितेश सिंह ने बताया कि चयन में हिंदी भाषा, लेखन क्षमता, समसामयिक विषयों की समझ एवं पत्रकारिता दक्षता का आकलन होगा। प्लेसमेंट संयोजक डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को छह माह का प्रशिक्षण मिलेगा। इस अवसर पर डॉ. आरएन पांडे, क्षितिज द्विवेदी, नितिन श्रीवास्तव, नितिन मिश्र, विशाल तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।



अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में 'अमर उजाला' की प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान लिखित परीक्षा में प्रतिभाग करते विद्यार्थी।